भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1237

(दिनांक 28.06.2019 को उत्तर देने के लिए)

आकाशवाणी केन्द्रों का उन्नयन

1237. श्री रविंद्र श्यामनारायण शुक्ला उर्फ रवि किशनः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने स्थानीय स्तर पर चल रहे आकाशवाणी केन्द्रों के उन्नयन के लिए कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में कौन-कौन से 'आकाशवाणी केन्द्र' चिन्हित किए गए हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा उनके उन्नयन के लिए अन्य क्या कदम उठाए जाने की संभावना है?

उत्तर

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सूचना और प्रसारण मंत्री

(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) से (ग): प्रसार भारती ने सूचित किया है कि आकाशवाणी केंद्रों का उन्नयन/आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है। आकाशवाणी के पास अपने ट्रांसमीटरों/केंद्रों के उन्नयन के लिए अनुमोदित स्कीम है। स्कीम के अंतर्गत अल्प शक्ति मीवे ट्रांसमीटर का एफएम ट्रांसमीटर में उन्नयन किया जाता है। मौजूदा ट्रांसमीटरों की शक्ति को परस्पर प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के आधार पर समय-समय पर बढ़ाया/उन्नयन किया जाता है।

*****